शेरावाली के रंग में रंग जाऊंगी

शेरावाली के रंग में रंग जाऊंगी,
ज्योतावाली के रंग रंग जाऊंगी...

मुझे मैया के चरणों की धूली मिले,
मैं तो रोली समझ के लगा आऊंगी,
शेरावाली के रंग में रंग जाऊंगी,
ज्योतावाली के रंग रंग जाऊंगी...

मेरी मैया के मांग का सिंदूर मिले,
मैं तो सदा सुहागन कहलाऊंगी,
शेरावाली के रंग में रंग जाऊंगी,
ज्योतावाली के रंग रंग जाऊंगी...

मेरी मैया मुझे आती-जाती मिले,
मैं तो बैया पकड़ के लिवा लाऊंगी,
शेरावाली के रंग में रंग जाऊंगी,
ज्योतावाली के रंग रंग जाऊंगी...

लोग कहते हैं पगली कहां तू चली,
जहां मैया है मेरी वहां मै चली,
शेरावाली के रंग में रंग जाऊंगी,
ज्योतावाली के रंग रंग जाऊंगी...

मैं तो दुनिया की मैया सताई हुई,
जो सहारा ना दोगी कहां जाऊंगी,
शेरावाली के रंग में रंग जाऊंगी,
ज्योतावाली के रंग रंग जाऊंगी...

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26736/title/sherawali-ke-rang-me-rang-jaaungi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |